कुल पृष्ठों की संख्या : 09

हाई स्कूल परीक्षा, दिसम्बर–2021

आदर्श उत्तर

300

विषय : सामाजिक विज्ञान

Subject: SOCIAL SCIENCE

उ.1 सही विकल्प – **(1×5=5)**

(अ) मछली उत्पादन से

(ब) कैनिंग

(स) सुभाषचन्द्र बोस

(द) 6

(इ) हत्या, अपहरण

उ.2 रिक्त स्थान **(1×5=5)**

(अ) रंगून

(ब) प्रारूप समिति

(स) जीवन

(द) वस्तु विनिमय

(इ) 24 दिसबंर

उ.3 सही जोड़ी **(1×5=5)**

'अ'		'ब'	
(1)	महामारी	(1)	संक्रामक रोग
(2)	सविनय अवज्ञा आंदोलन	(2)	महात्मा गाँधी
(3)	महिला साक्षरता	(3)	53.7%
(4)	आर्थिक कल्याण	(4)	अमर्त्य सेन
(5)	उपभोक्ता शोषण	(5)	कालाबाजारी

उ.4 सत्य / असत्य– **(1×5=5)**

(अ) सत्य

(ब) असत्य

(स) सत्य

(द) सत्य

(इ) सत्य

schools.aglasem.com

aglasem.com

उ.5 एक शब्द / वाक्य **(1×5=5)**

(अ) प्राकृतिक संकट

(ब) लार्ड कर्जन

(स) दूसरा

(द) ग्राम पंचायत

(इ) उपभोक्ता

उ.6 **वन आधारित प्रमुख उद्योग** – **(2)**

(1) कागज उद्योग

(2) दियासलाई उद्योग

अथवा

उ.6 **खाद्यान्न फसलों के नाम** –

चावल, गेहूँ, ज्वार, मक्का, बाजरा, चना तुअर आदि।

उ.7 **सुनामी प्रभावित क्षेत्र** – चेन्नई के तटीय क्षेत्र, अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह, तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र आदि। **(2)**

अथवा

उ.7 **बाढ़** – किसी बड़े भू – भाग में किसी भी कारण से जल भराव होना जिससे जन धन की अपार क्षति होती है। बाढ़ कहलाती है।

उ.8 सर्वोच्च न्यायालय के न्यायालय के न्यायाधीश 65 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त होते हैं। **(2)**

अथवा

उ.8 **लोकसभा सदस्य की दो योग्यताएं निम्न है** –

(1) वह भारत का नागरिक हो।

(2) उसकी आयु 25 वर्ष या उससे अधिक हो।

उ.9 **राष्ट्रीय आय** – किसी भी देश या राष्ट्र की कुल आय को राष्ट्रीय आय कहा जाता है। **(2)**

अथवा

उ.9 **जॉबकार्ड** – राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी अधिनियम 2005 के अंतर्गत काम प्राप्त करने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा पंजीयत परिवारों को एक कार्ड जारी किया जाता है जिसे जॉबकार्ड कहते हैं।

उ.10 **सूचना का अधिकार** – भारत सरकार ने वर्ष 2005 को सूचना प्राप्त करने का अधिकार के नाम से एक कानून बनाया है। यह कानून सरकारी विभागों के कार्यकलापों की सभी सूचनाएं पाने के अधिकार को सुनिश्चित करता है। **(2)**

schools.aglasem.com

aglasem.com

अथवा

उ.10 **आई. एस. आई** – भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था द्वारा औद्यागिक एवं उपभोक्ता वस्तुओं की गुणवत्ता को प्रमाणित करने वाला चिन्ह आई. एस. आई. मार्क कहलाता है।

उ.11 **खनिज पदार्थ का महत्त्व –** **(3)**

(1) औद्योगिक विकास का आधार खनिज है।

(2) यातायात के सभी साधन, मशीने, उपकरण, आदि खनिजों से प्राप्त होते हैं।

(3) दैनिक जीवन में काम आने वाली प्रत्येक वस्तु का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से खनिजों से संबंध है।

अथवा

उ.11 वर्षा जल का संग्रहण से जल उपयोग की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है। खेतों में सिंचाई के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। इस ढ़ग से जल संग्रहण के परिणामस्वरूप आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति नहीं रहती है।

उ.12 मादक पदार्थों के सेवन पर नियंत्रण से व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहेगा। आर्थिक सम्पन्ना बढ़ेगी। परिवार में सुख शांति होगी। आपराध कम होगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। कार्यकुशलता बढ़ने से देश के उत्पादन पर अनुकुल प्रभाव पड़ेगा। **(3)**

अथवा

उ.12 **साम्प्रायिकता** – अपने पंथ के प्रति निष्ठा रखकर दूसरे पंथों एवं सम्प्रदायों को घृणा की दृष्टि से देखना तथा व्यापक राष्ट्र हित की उपेक्षा कर स्वंय के पंथ या सम्प्रदाय के हितों की पूर्ति हेतु कार्य करना साम्प्रदायिकता कहलाती है।

उ.13 **प्रजातंत्र की सफलता में बाधक तत्व –** **(3)**

(1) गरीबी और बेरोजगारी की बढ़ती संख्या

(2) निरक्षरता

(3) सामाजिक कुरीतियों

अथवा

उ.13 **मादक नशीला पदार्थ** – वे पदार्थ जिनके सेवन से मस्तिष्क शिथिल हो जाय, रक्त का संचार तेज हो और उत्तेजना से अधिक आनंद की अनुभूति हो उन्हे मादक पदार्थ कहते हैं।

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.14 **प्रति व्यक्ति आय** – एक देश की किसी वर्ष विशेष में औसत आय को ही प्रति व्यक्ति आय कहते हैं। इसे ज्ञात करने के लिए किसी एक वर्ष की राष्ट्रीय आय में वर्ष की जनसंख्या से भाग दे दिया जाता है।

प्रति व्यक्ति आय = $\frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{जनसंख्या}}$ **(3)**

अथवा

उ.14 **ए. टी. एम**. – ए. टी. एम से आशय एक ऐसी व्यवस्था से हैं जिसमें कभी भी पैसे निकाले जा सकते हैं। इसका कार्ड प्लास्टिक का बना होता है और इसमें धातु की एक चिप रहती है।

उ.15 **छोटा नागपुर का पठार** – छोटा नागपुर का संपूर्ण पठार प्राचीन कठोर शिलाओं का होने से यह अनेक प्रकार के धात्विक खनिजों का भंडार है। बिहार और उड़ीसा में लोह अयस्क की खदानें हैं। इसके अलावा यहां मैगनीज़, बाक्साइट, अभ्रक, चूने का पत्थर आदि खनिज पदार्थ पाये जाते हैं, इसीलिए छोटा नागपुर के पठार को भारत का खनिज आश्चर्य कहा जाता है। **(4)**

अथवा

उ.15 **खरीफ एवं रबी की फसल में अंतर** –

क्र.सं.	खरीफ	रबी
(1)	यह फसल मानसून ऋतु के आगमन के साथ ही शुरू होती है।	यह फसल मानसून ऋतु के बाद शरद ऋतु के साथ शुरू होती है।
(2)	इसकी प्रमुख फसले धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, कपास आदि है।	इसकी मुख्य फसले गेहूँ, जो, चना, सरसों आदि है।
(3)	इन फसलों को पकने में कम समय लगता है।	इन फसलों को पकने में अधिक समय लगता है।
(4)	ये फसलें सितम्बर – अक्टूबर में काटी जाती है।	ये फसलें मार्च–अप्रैल में काटी जाती है।

उ.16 अंग्रेजी शिक्षा का प्रचार लार्ड मैकाले ने भारतीय राष्ट्रीयता को जड़ से समास करने के उद्देश्य से किया था। वह भारत में अंग्रेजी भाषा का प्रचार कर एक ऐसा वर्ग तैयार करना चाहता था जो ब्रिटिश साम्राज्य के हित के लिए कार्य करें परंतु अंग्रेजी शिक्षा ने भारतियों को विदेशी बंधन से मुक्त होने की प्रेरणा दी। अंग्रेजी शिक्षा का ज्ञान होने के कारण भारतीय पाश्चात्य साहित्य, विचार, दर्शन से परिचित हुए। **(4)**

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.16 **1857 के स्वतंत्रता संग्राम के मुख्य कारण** –

(1) राजनीतिक कारण

(2) सामाजिक कारण

(3) आर्थिक कारण

(4) तात्कालिक कारण

(वर्णन करने पर अंक प्रदान किए जाए)

उ.17 1927 ई. में ब्रिटिश सरकार ने सर जान साइमन की अध्यक्षता में 7 सदस्यों का एक कमीशन नियुक्त किया जिसका कार्य सरकार के सामने यह रिपोर्ट प्रस्तुत करना था कि 1919 ई. का एक्ट कहां तक सफल हुआ। इस कमीशन का बहिष्कार इसलिए किया गया क्योंकि इसमें सभी सदस्य अंग्रेज थे और भारतीयों का इसमें कोई प्रतिनिधि नहीं था। **(4)**

अथवा

उ.17 **रोलेट एक्ट** – 1918 में प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हुआ जिसमें टर्की की हार हुई विजयी देशों ने तुर्की साम्राज्य को छिन्न – भिन्न कर डाला इससे मुस्लिम जनता भडक उठी। ब्रिटिश शासन के विरूद्ध अंसतोष फैला। ब्रिटिश शासन ने दमन चक्र का सहारा लिया। 1919 में रोलेक्ट एक्ट अधिनियम बना दिया गया। इससे सरकार को यह अधिकार प्राप्त हो गया कि वह बिना मुकदमा चलाए किसी को भी जेल में डाल सकती थी।

उ.18 **राज्य के नीति निर्देशक तत्व** – भारतीय संविधान के चौथे भाग में शासन संचालन के लिए मूलभूत सिद्धांतों का वर्णन किया गया है। इन्हें राज्य के नीति निर्धारण करने वाले निर्देशक तत्व कहा गया है। इन तत्वों के माध्यम से भारत में एक लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना का प्रयास किया गया है। **(4)**

अथवा

उ.18 संविधान की अवधारणा और आवश्यकता – शासन व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु व्यवस्थापिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका का गठन और उसके कार्यों और अधिकारों की सीमाओं के निर्धारण के लिए संविधान की आवश्यकता होती है। संविधान के अभाव में शासन का सुचारू रूप से संचालित होना कठिन है।

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.19 **मौलिक कर्त्तव्य** **(4)**

(1) प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होगा कि वह संविधान का पालन करें।

(2) राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करें।

(3) भारत की प्रभुसता, एकता और अखण्डता की रक्षा करें।

(4) सार्वजनिक संपति की रक्षा करें।

(5) देश की रक्षा करें।

अथवा

उ.19 संविधान में संशोधन की प्रक्रिया के आधार पर संविधान का वर्गीकरण कठोर या लचीले के रूप में किया जाता है। यदि किसी राष्ट्र का संविधान उसी प्रक्रिया से संशोधित किया जा सकता है जिस प्रक्रिया से साधारण विधि का निर्माण होता है, तो संबधित संविधान लचीला या परिवर्तनशील कहलाता है। भारत के संविधान में संशोधन की तीन प्रक्रियाओं का उल्लेख है जिसके कारण भारतीय सवंधिान में कठोर एवं लचीलेपन का सम्मिश्रण है।

उ.20 **संघात्मक शासन की विशेषताएं** – **(4)**

(1) लिखित तथा कठोर संविधान

(2) शक्तियों का विभाजन

(3) दुहरा प्रतिनिधत्व

(4) दोहरी सरकारें

(वर्णन करने पर अंक प्रदान किए जाए)

अथवा

उ.20 **राज्यपाल के कार्य –**

(1) राज्यपाल विधानसभा के बैठकों को बुलाता है।

(2) विधान मण्डलों द्वारा स्वीकृत विधेयकों पर राज्यपाल की स्वीकृति अनिवार्य है।

(3) जब विधानसभा का अधिवेशन न चल रहा हो तो राज्यपाल अध्यादेश जारी कर सकते हैं।

(4) राज्य में संविधान तंत्र की विफलता की सूचना राष्ट्रपति को देता है।

उ.21 **उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम** – यह अधिनियम कोपरा के नाम से प्रसिद्ध है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता की शिकायतों का तुरंत निपटाने तथा कानून प्रक्रिया को सरल बनाना है। कोपरा के अंतर्गत उपभोक्ता विवादों के निपटारे के लिए जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरों पर एक त्रिस्तरीय न्यायिक तंत्र स्थापित किया गया है। **(4)**

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.21 **उपभोक्ता के अधिकार**

(1) सुरक्षा का अधिकार

(2) चयन का अधिकार


(3) जानकारी का अधिकार

(4) सूचना का अधिकार

(5) क्षतिपूर्ति का अधिकार

(किन्ही चार का वर्णन करने पर अंक प्रदान किए जाए)



उ.22 मानचित्र **(5)**



schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.22

दशा	संकेत चिन्ह
ओला	
मंद समीर	
प्रवल समीर	
सूर्य का प्रकाश	
कोहरा	

उ.23 **बाढ़ आपदा को नियंत्रित करने के उपाय** **(5)**

(1) नदियों के उपरी क्षेत्रों में अनके जलाशय बनाये जा सकते हैं।

(2) नदियों के उपरी जल संग्रहण क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण किया जाना चाहिए।

(3) मैदानी क्षेत्रों में अनुपयुक्त भूमि पर जल संग्रहण किया जाना चाहिए।

(4) नदियों के जल ग्रहण क्षेत्रों में वन विनाश को नियंत्रित करना चाहिए।

(5) सहायक नदियों पर छोटे – छोटे पौध का निर्माण किया जाना चाहिए।

अथवा

उ.23 **भूकम्प आपदा** – भूकम्प शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है। भू + कंप जहां भू का अर्थ पृथ्वी, कम्प का अर्थ कापंना है। जब पृथ्वी की सतह अचानक हिलती या कम्पित होती है तो इसे भूकम्प कहते हैं। भूकम्प के वितरण एवं प्रभाव के आधार पर भारत को पाँच क्षेत्रों में बांटा जाता है।

(1) अत्यधिक प्रभावित क्षेत्र

(2) अत्यधिक खतरा प्रभावित क्षेत्र

(3) मध्यम खतर क्षेत्र

(4) निम्न खतरा प्रभावित क्षेत्र

(5) सामान्य क्षेत्र

उ.24 **1857 के स्वतंत्रता संग्राम का महत्त्व –** **(5)**

(1) हिन्दू – मुस्लिम एकता का प्रदर्शन

(2) नवीन उत्साह की भावना का उदय

(3) क्रान्ति में किसानों का भाग लेना

(4) संचार तथा यातायात साधनों का अपूर्व विकास

(5) भारतीय राजाओं तथा नवाबों को आश्वासन

(वर्णन करने पर अंक प्रदान किए जाए)

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.24 भारत में राष्ट्रीयता के उदय होने के निम्न कारण थे –

(1) राजनीतिक और प्रशासनिक एकीकरण

(2) पाश्चात्य शिक्षा का अभाव

(3) भारतीयों का आर्थिक शोषण

(4) भारतीयों के प्रति भेदभाव की नीति

(5) यातायात एवं संचार साधनों का विकास

उ.25 **सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाए जाने के कारण** – 30 जनवरी 1930 को लार्ड इरविन के समक्ष 11 मांगे प्रस्तुत की। गाँधी जी चाहते थे कि सरकार की विनिमय की दर घटाए भू राजस्व कम करें। पूर्ण नशाबंदी लागू हो। बन्दूकों को रखने का लाइसेन्स दिए जाये। नमक पर कर समाप्त हो। कपड़ों का आयात कम हो। गुप्तचर विभाग पर नियंत्रण स्थापित हो। वायसराय में इन मांगों को अस्वीकार कर दिया। अतः गाँधी जी ने योजनानुसार सविनय अवज्ञा आंदोलन आरंभ किया। (5)

अथवा

उ.25 **झण्डा सत्यागृह** – राष्ट्रीय ध्वज किसी राष्ट्र की सम्प्रभुता अस्मिता और गौरव का प्रतीक होता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में चरखायुक्त तिरंगे झण्डे को यह सम्मान प्राप्त रहा है। असहयोग आंदोलन के लिए गठित कांग्रेस की समिति जबलपुर आई। जबलपुर कांग्रेस कमेटी ने तय किया कि खाँ साहब को अभिनंदन पत्र भेट किया जाएगा। नगरपालिका भवन पर झण्डा फहराने की बात पर ब्रिटिश कमीश्नर भडक उठा और तिरंगे को पैरों से कुचलने का हुक्म दिया। इस बात पर आंदोलन हुआ। इसे झण्डा सत्यागृह कहा जाता है।

उ.26 **प्रधानमंत्री के कार्य निम्न है –** (5)

(1) प्रधानमंत्री का कार्य मंत्रिपरिषद का गठन करना होता है।

(2) मंत्रियों के बीच विभागों का वितरण

(3) मंत्रिपरिषद की बैठकों की अध्यक्षता करना

(4) मंत्रियों के विभागों तथा कार्यों की देखभाल करना।

(5) राष्ट्रपति के संकटकालीन अधिकारों का प्रयोग करना।

अथवा

उ.26 **व्यवस्थापिका के कार्य निम्न है –**

(1) विधायी शक्ति

(2) संविधान संशोधन

(3) वितीय शक्ति

(4) कार्यपालिका पर नियंत्रण

(5) जनता के विचारों का मंच

(वर्णन करने पर अंक प्रदान किए जाए)

---

schools.aglasem.com

aglasem.com

कुल प्रश्नों की संख्या : 26
Total No. of Questions: 26

कुल पृष्ठों की संख्या : 08
Total No. of Pages: 08

हाई स्कूल परीक्षा, दिसम्बर–2021

300

विषय : सामाजिक विज्ञान

Subject: SOCIAL SCIENCE

(Hindi & English Versions)

समयः 03 घण्टे
Time: 03 Hours

पूर्णांक : 100
Maximum Marks: 100

निर्देश :–

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न पत्र में दिये गये निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ एवं अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। कुल 5X5=25 अंक हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 26 तक आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। उत्तर की शब्द सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आवंटित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित हैं। उत्तर की शब्द सीमा 75 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित हैं। उत्तर की शब्द सीमा 120 शब्द है।

(viii) प्रश्न क्रमांक 23 से 26 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आवंटित हैं। उत्तर की शब्द सीमा 150 शब्द है।

(ix) प्रश्न क्रमांक 22 का उत्तर दिये गये निर्देशानुसार भारत के रेखा मानचित्र पर दर्शाइए।

Instructions :-

(i) All questions are compulsory.

(ii) Read the Instructions of question paper carefully and write their answers.

(iii) Questions from 1 to 5 are objective type and compulsory. Each question carries 5 marks. Total marks are 5X5=25.

(iv) Questions from 6 to 26 are given Internal options.

(v) Questions from 6 to 10 are very short answer type questions. Word limit is 30 words. Each question carries 2 marks.

(vi) Questions from 11 to 14 are short answer type questions. Word limit is 75 words. Each question carries 3 marks.

(vii) Questions from 15 to 21 are long answer type questions. Word limit is 120 words. Each question carries 4 marks.

(viii) Questions from 23 to 26 are long answer type questions. Word limit is 150 words. Each question carries 5 marks.

(ix) Question 22 should be indicated on the outline map of India as directed.

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(5×1=5)**

(अ) नीली क्रान्ति का सम्बन्ध है –

(i) फलोत्पादन से (ii) मछली उत्पादन से

(iii) भेड़पालन से (iv) दुग्ध उत्पादन से

(ब) 1857 के संग्राम के समय भारत के गवर्नर जनरल थे –

(i) डलहौजी (ii) बैंटिक

(iii) कैनिंग (iv) रिपन

(स) फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना किसने की?

(i) भगत सिंह (ii) रासबिहारी बोस

(iii) चन्द्रशेखर आज़ाद (iv) सुभाष चन्द्र बोस

(द) भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों की संख्या हैं –

(i) 4 (ii) 5

(iii) 6 (iv) 9

(इ) आंतकवादी किन माध्यमों से अपनी गतिविधियाँ संचालित करते हैं?

(i) शान्ति वार्ता (ii) शिक्षा

(iii) राजनीति (iv) हत्या, अपहरण

Choose the correct option and write -

(a) Blue revolution is related to -

(i) Fruit production (ii) Fish production

(iii) Sheep rearing (iv) Milk production

(b) The British Governor General of India during the struggle of 1857 was -

(i) Dalhousie (ii) Bentinck

(iii) Canning (iv) Ripon

(c) Who founded the Forward Bloc?

(i) Bhagat Singh (ii) Rash Behari Bose

(iii) Chandra Shekhar Azad (iv) Subhash Chandra Bose

(d) The number of fundamental rights in the Indian Constitution is -

(i) 4 (ii) 5

(iii) 6 (iv) 9

(e) Through what means do terrorists conduct their activities -

(i) Peace talks (ii) Education

(iii) Politics (iv) Murder, kidnapping

schools.aglasem.com aglasem.com

प्र.2 रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए – (5×1=5)

(अ) बहादुर शाह द्वितीय को बन्दी बनाकर.....नामक स्थान पर भेज दिया गया।

(ब) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर संविधान की.....के अध्यक्ष थे।

(स) आर्थिक विकास से जनता के.....स्तर में वृद्धि होती है।

(द) एक वस्तु से दूसरी वस्तु को अदला–बदली करके आवश्यकता की पूर्ति करना..... प्रणाली कहा जाता है।

(इ) राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस.....को मनाया जाता है।

Fill in the blanks -

(a) After being arrested Bahadur Shah II was sent to.....

(b) Dr. B.R. Ambedkar was the Chairman of Constitutional.....

(c) .....of people increases by economic development.

(d) To satisfy the wants by exchanging one commodity to another commodity is called.....system.

(e) National Consumer Day is celebrated on.....

प्र.3 सही जोड़ी बनाइए – (5×1=5)

(अ)		(ब)	
(1)	महामारी	(a)	53.7 प्रतिशत
(2)	सविनय अवज्ञा आंदोलन	(b)	अमर्त्य सेन
(3)	महिला साक्षरता	(c)	संक्रामक रोग
(4)	आर्थिक कल्याण	(d)	कालाबाज़ारी
(5)	उपभोक्ता शोषण	(e)	महात्मा गांधी

Match the following -

(A)		**(B)**	
(1)	Pandemic	(a)	53.7%
(2)	Civil Disobedience Movement	(b)	Amartya Sen
(3)	Female literacy	(c)	Infectious disease
(4)	Economic welfare	(d)	Black marketing
(5)	Consumer exploitation	(e)	Mahatma Gandhi

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.4 निम्नलिखित में सत्य/असत्य बताइए – (5×1=5)

(अ) आपदाओं के कारण जीवन तथा सम्पत्ति की बड़े पैमाने पर हानि होती है।

(ब) पंचायत का कार्यकाल सात वर्ष का होता है।

(स) जनसंख्या विस्फोट से संसाधनों की कमी हो जाती है।

(द) उत्पाद कार्यों में पूँजी लगाने को विनियोग कहा जाता है।

(इ) ''एगमार्क'' कृषि उत्पादों का सुरक्षा चिन्ह है।

State true/false in the following -

(a) Disasters cause massive loss of life and property.

(b) The tenure of Panchayat is seven years.

(c) Population explosion leads to depletion of resources.

(d) The investment of capital in product activities is called appropriation.

(e) "AGMARK" is a safety mark for agricultural products.

प्र.5 एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए – (5×1=5)

(अ) मानव को अति गंभीर हानि पहुँचाने वाली प्राकृतिक आपदाएं क्या कहलाती हैं?

(ब) 'फूट डालो शासन करो' की नीति किसने चलाई थी?

(स) विश्व में जनसंख्या की दृष्टि से भारत का कौन–सा स्थान हैं?

(द) जॉब कार्ड संबंधी शिकायतों का समाधान कौन करता है?

(इ) वस्तु या सेवा के खरीददार को क्या कहते हैं?

Answer in one word/sentence -

(a) What are the natural disasters that cause severe damage to human beings called?

(b) Who introduced the policy of 'Divide and Rule'?

(c) What is the rank of India in terms of population in the world?

(d) Who resolves the complaints relating to Job card?

(e) What are the buyer of a good or service called?

प्र.6 वन आधारित प्रमुख उद्योग बताइए। (2)

State the major forest based industries.

अथवा/OR

खाद्यान्न फसलों के नाम बताइए।

Name the food crops.

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.7 सुनामी प्रभावित क्षेत्र कौन–कौन से हैं? (2)

Which are the tsunami affected areas?

अथवा / OR

बाढ़ को पारिभाषित कीजिए।

Define flood.

प्र.8 सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश कब सेवानिवृत्त होते हैं? (2)

When do Supreme Court Judges retire?

अथवा / OR

लोकसभा के सदस्य की योग्यताएं लिखिए। (कोई दो)

Write the qualifications of a member of Lok sabha. (Any two)

प्र.9 राष्ट्रीय आय क्या है? लिखिए। (2)

What is National Income? Write.

अथवा / OR

जॉब कार्ड क्या है?

What is Job card?

प्र.10 सूचना का अधिकार क्या है? (2)

What is Right to Information?

अथवा / OR

आई.एस.आई. क्या है?

What is I.S.I?

प्र.11 खनिज पदार्थ का क्या महत्त्व है? (3)

What is the importance of minerals?

अथवा / OR

वर्षा जल का संगृहण क्यों जरूरी है?

Why is rainwater harvesting important?

प्र.12 नशे पर प्रतिबन्ध क्यों होना चाहिए? (3)

Why there should be a ban on drugs?

अथवा / OR

साम्प्रदायिकता किसे कहते हैं?

What is Communalism?

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.13 भारतीय प्रजातन्त्र की सफलता में बाधक किन्हीं तीन तत्वों को बताइए। (3)

State any three elements that hinder the success of Indian democracy.

अथवा / OR

मादक या नशीला पदार्थ किसे कहा जाता है?

What is called a narcotic or a narcotic substance?

प्र.14 प्रति व्यक्ति आय क्या है? इसकी गणना का सूत्र लिखिए। (3)

What is per capita Income? Write the formula for its calculation.

अथवा / OR

ए.टी.एम. क्या है? इसके लाभ लिखिए।

What is ATM? Write its benefits.

प्र.15 छोटा नागपुर के पठार को ''विश्व का खनिज आश्चर्य'' क्यों कहते हैं? समझाइए। (4)

Why the Chota Nagpur Plateau is called the "mineral wonder of the world"? Explain.

अथवा / OR

रबी और खरीफ की फसलों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

Differentiate between Rabi and Kharif crops.

प्र.16 भारत में राष्ट्रीय जागृति के विकास में पश्चिम के विचारों और शिक्षा ने क्या भूमिका निभाई? (4)

What role did western ideas and education play in the development of national awakening in India?

अथवा / OR

1857 के स्वतंत्रता संग्राम के मुख्य चार कारणों का उल्लेख कीजिए।

Mention four main causes of the freedom struggle of 1857.

प्र.17 साइमन कमीशन कब और क्यों भारत भेजा गया था? इसका भारतीयों द्वारा विरोध क्यों किया गया? (4)

When and why was the Simon Commission was sent to India? Why was it opposed by the Indians?

अथवा / OR

रोलेट एक्ट क्या था? समझाइए।

What was the Rowlatt Act? Explain.

प्र.18 राज्य के नीति निर्देशक तत्वों से क्या आशय है? (4)

What do you mean by Directive Principles of State Policy?

अथवा / OR

संविधान की अवधारणा और आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए।

Classify the need and concept of Constitution.

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.19 भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्य लिखिए। (4)

Write the Fundamental Duties of citizens of India.

अथवा / OR

भारतीय संविधान में कठोर एवं लचीलेपन का सम्मिश्रण है। इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

Indian Constitution is the both of rigid and flexible. Explain this statement.

प्र.20 संघात्मक शासन की विशेषताओं को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए। (कोई चार) (4)

Write the features of federal form of the Government. (Any four)

अथवा / OR

राज्यपाल के कार्य लिखिए।

Write the functions of the Governor.

प्र.21 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम क्या है? (4)

What is Consumer Protection Act?

अथवा / OR

उपभोक्ता के अधिकार लिखिए। (कोई चार)

Write Consumer Rights. (Any four)

प्र.22 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए – (5)

(1) नर्मदा नदी
(2) चेन्नई
(3) मुम्बई
(4) थार का मरुस्थल
(5) अरब सागर

Show the following on the outline map of India –

(1) Narmada River
(2) Chennai
(3) Mumbai
(4) Thar Desert
(5) Arabian sea

अथवा / OR

निम्नलिखित मौसमी दशाओं को स्पष्ट करने हेतु संकेत बनाइए –

(1) ओला
(2) मन्द समीर
(3) प्रबल समीर
(4) सूर्य का प्रकाश
(5) कुहरा

Draw indicators of the following weather conditions -

(1) Hail
(2) Slow breeze
(3) Fast breeze
(4) Sun light
(5) Fog

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.23 बाढ़ आपदा को नियन्त्रित करने के उपाय बताइए। (5)

Describe the steps which should be taken to control floods disaster.

अथवा / OR

भूकम्प आपदा का अर्थ बताते हुए भारत में भूकम्प प्रभावित क्षेत्रों का वर्णन कीजिए।

What is meant by earthquake disaster? Describe the earthquake affected areas of India.

प्र.24 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का भारतीय इतिहास में क्या महत्त्व है? (5)

What is the importance of the freedom struggle of 1857 in Indian history?

अथवा / OR

भारत में राष्ट्रीय चेतना के कोई पाँच कारण लिखिए।

Write any five reasons for National Consciousness in India.

प्र.25 सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाए जाने के क्या कारण थे? (5)

What were the reasons for launching the Civil Disobedience Movement?

अथवा / OR

'झण्डा सत्याग्रह' किस प्रकार हुआ? वर्णन कीजिए।

How did the 'Jhanda Satyagraha' take place? Describe.

प्र.26 प्रधानमंत्री के कार्य लिखिए। (5)

Write the functions of the Prime Minister.

अथवा / OR

व्यवस्थापिका के कोई पाँच कार्य लिखिए।

Write any five functions of the Legislature.

---

schools.aglasem.com

aglasem.com